हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



ककक

# भागीरथी प्रयास : गांव की प्यास बुझाने पहाड़ से गंगा को उतार लाए दूधीटांगर के कोरवा वनवासी

## पहाड़ी कोरवाओं ने जल संकट से निपटने स्वयं निकाला रास्ता

अरविंद पांडेय ⏭ कोरबा

अलग खबर

लंबे समय से पानी के संकट से जूझने वाले वनवासी परिवार पहाड़ पर स्थित झरने से पानी लाकर प्यास बूझाते थे। गर्मी हो या सर्दी का मौसम लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर से पानी लाने की उनकी मजबूरी रहा करती थी। कोई बड़ी प्रशासनिक पहल होता न देख गांव वालों ने आखिर इसका रास्ता निकाला और पंचायत से पाईप की व्यवस्था पर पहाड़ी झरने के पानी को पाइक के द्वारा अपने गांव तक ले आए।

मेहनत की यह दास्तां फुटका पहाड़ मार्ग में स्थित दूधीटांकर पहाड़ी कोरवा गांव की है। मुख्य मार्ग में स्थित होने के कारण यहां आम तौर पर हमेशा शहर के लोगों का और प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है, किंतु इनकी मूलभूत सुविधा की ओर उस तरह की कार्य योजना नहीं बनी। जिससे इन्हें बड़ी प्रशासनिक पहल की सहायता मिलती। इन वनवासी परिवारों के सामने सबसे बड़ी समस्या प्यास बूझाने की थी। जिसके लिए इन्हें प्यास बूझाने के लिए पहाड़ी झरने के पास जाना पड़ता था। वहां से पानी लेकर डेढ़ किलोमीटर दूर गांव आना पड़ता था। पंचायत की ओर से इनकी सुविधा के लिए वहां पर एक टैंक बनाया गया, जहां झरने की पानी एकत्र करते थे और उसी टैंक के पानी से वनवासी परिवार नहाने के साथ पीने के उपयोग में करते थे, लेकन इसके बावजूद भी डेढ़ किलोमीटर की दूरी का सफन इन्हें तय करना ही पड़ता था। गांव तक पानी लाने के लिए इनके द्वारा अपनी ओर जतन भी किए गए, आखिरकार पंचायत के सामने इन्होंने गांव तक पानी लाने की व्यवस्था हेतु अपनी बात रखी। जब जाकर कहीं इन्हें प्रशासनिक छोटी पहल मिली और ⏭ शेष पेज 3 पर



### नाली बनाकर पाइप को मिट्टी से दबाया

झरने से पानी लाने वनवासी परिवारों ने पाइप को दूर से पथरीली रास्ते तक लाया, उसके बाद उक्त पाइप को जमीन में नाली बनाकर मिट्टी के नीचे दबाकर उसे गांव के मुहाने तक लाए जहां उनके खेत भी हैं। गांव से महज 10 मीटर की दूरी पर ही पहाड़ी झरने के पानी को ले आए और यहीं से अब उनकी प्यास बूझ रही है और निस्तारी का पानी मिल रहा है। बीते 3 साल से उनको यह सुविधा मिल रही है। प्रशासनिक सहायता के रूप में इन्हें केवल पाइन की सुविधा मिली है, लेकिन मेहनत कर उसे गांव तक बिछाने की मजदूरी उन्हें नहीं मिली, किंतु अपने श्रम से आखिरकार पहाड़ी पानी की गंगा को अपने गांव तक लाने में सफल रहे।

## खबर संक्षेप

### नए साल में कोरबा व बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन रहेंगी रद्द

**कोरबा।** दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी पार्टी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन के लिए ब्लाक लगने जा रहा है, इसलिए कोरबा और बिलासपुर से बेंगलुरु, केरल, हैदराबाद, सिकंदराबाद जैसे शहरों के बीच नए साल के पहले सप्ताह में कई ट्रेनें रद होने जा रही हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण मध्य रेलवे में तीसरी रेल लाइन के कमीशनिंग के लिए नान इंटर लाकिंग काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसन पार्थी पार्टी रोड स्टेशन व उप्पल स्टेशन के बीच शुरू हो चुका है। ऐसे में तीन जनवरी को कोरबा से चलने वाली ट्रेन नंबर 22647 कोचुवेली एक्सप्रेस रद रहेगी। यह ट्रेन एक जनवरी को कोचुवेली से नहीं चलेगी। इसी तरह से 2 और 9 जनवरी को बिलासपुर से ट्रेन नंबर 22619 तिरुनेलवेली एक्सप्रेस रद रहेगी। यह ट्रेन तिरुनेलवेली से 31 दिसंबर और 7 जनवरी को रद रहेगी। 9 और 14 जनवरी को ट्रेन नंबर 12251 यशवंतपुर से कोरबा के लिए आने वाली ट्रेन रद रहेगी। वहीं कोरबा से यह ट्रेन 11 और 14 जनवरी को रद्द रहेंगी।

### चचिया में जनमन योजना शिविर में मिलेगा लाभ

**कोरबा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने शनिवार जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम चचिया में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री जन मन योजना का लाभ दिलाने हेतु आयोजित शिविर का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को पीएम जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा की इस योजना का मूल उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा उनका विकास सुनिश्चित करना है। इस हेतु जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों की बसाहटो में सर्वे किया जा रहा है। जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। सीईओ विश्वदीप ने उपस्थित सभी विभागीय कर्मचारियों को पीव्हीटीजी वर्ग के वंचित एवं पात्र लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार पट्टा, जनधन खाता खुलवाने, प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण कर विभागीय योजनाओं से लाभ दिलाने के निर्देश दिए।


### संकल्प यात्रा यात्रा के तहत शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की लोकहितैषी योजनाओं से आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 1 जनवरी को विकासखंड कोरबा के ग्राम लबेद व डुमरडीह में 10 बजे से, गिरारी व गितकुंवारी में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम मुढ़ाली में 10 बजे से और ग्राम कटसीरा में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के पोड़ीखुर्द में 10 बजे से, रोदे, फुलसर में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम गिधौरी में 10 बजे से तथा दादरकला में 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम भंडारखोल में 10 बजे से और लाफा में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।


### अक्षत कलश यात्रा को गांव में कराया गया भ्रमण

**बरपाली।** अयोध्या मे बन रहे श्री राम मन्दिर के लिए अयोध्या से आई अक्षत कलश को गांव में भ्रमण कराकर बरपाली में पूजा अर्चना किया गया कलश को शिव मंदिर से निकाल कर बीच बस्ती माँ मड़वारानी मंदिर तक शोभायात्रा के साथ किशन अग्रवाल के नेतृत्व मे निकाली गई अक्षत कलश की जगह जगह पूजा अर्चना किया गया इस यात्रा में प्रमोद गुरुद्वान संदीप अग्रवाल प्रवीण उपाध्याय देवराज अग्रवाल सुरेश अग्रवाल शामिल थे।

## नए वर्ष की नई सुबह....



वर्ष 2024 की नई सुबह का नया सूरज नई उम्मीदों के साथ उदीयमान।



प्रकृति के सौंदर्य की शोभा बढ़ाता सतरेंगा का महादेव पर्वत।

# मानिकपुर पोखरी ईको-पर्यटन के रूप में होगी विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष एसईसीएल द्वारा जिले में अवस्थित मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2024 में इस परियोजना का क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा और पूरा हो जाने पर यह राज्य में इस प्रकार का दूसरा ईको-टूरिस्ज़्म साइट होगा। इससे पहले एसईसीएल द्वारा सूरजपुर जिले में स्थित केनापरा में भी बंद पड़ी खदान को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा चुका है जहां आज दूर-दूर से सैलानी घूमने और बोटिंग एवं अन्य गतिविधियों का लुत्फ लेने आते हैं। इस पर्यटन स्थल की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्वीट के जरिये कर चुके हैं। इस परियोजना के तहत एसईसीएल नगर निगम से साथ मिलकर जिले में स्थित मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 11 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करेगी। इस परियोजना के अंतर्गत बंद पड़ी मानिकपुर ओसी, जिसने एक पोखरी का रूप ले लिया है, को विभिन्न पर्यटन सुविधाओं से लैस एक रमणीक ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। पिछले वर्ष कंपनी द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन के लिए चेक द्वारा कलेक्टर कोरबा को 5.60 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।

**खास बात**

- एसईसीएल नगर निगम के साथ मिलकर 11 करोड़ की राशि करेगा खर्च



मानिकपुर पोखरी।

## देश के प्रदूषित शहरों में कोरबा पांचवें पायदान पर

# सीईपीआई के दायरे से बाहर नहीं निकला जिला


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्यापक प्रदूषण सूचकांक (सीईपीआई) के दायरे से कोरबा शहर बाहर नहीं निकल रहा है। केंद्र सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अधिक प्रदूषित औद्योगिक क्षेत्र की सूची में कोरबा जिला 5वें पायदान पर है। इस सूची में देश के 43 शहर शामिल हैं। जहां हवा, पानी एवं जमीन तीनों स्तर पर प्रदूषण की स्थिति स्कोरिंग के जरिए आंकी गई है।

राज्य की ऊर्जाधानी कहे जाने वाले कोरबा जिला विद्युत उत्पादन के गौरव के साथ प्रदूषण का अभिशाप भी झेल रहा है। हवा के चलने से हो रही राखड़ वर्षा की वजह से सांस लेना दुभर हो जाता है। दोपहर में धूप के साथ चल रही हवा का असर राखड़ बांध में देखने को मिलता है। हवा के हल्के झोंके से डेम से उठा राखड़ का गुब्बार रिहायशी इलाकों में बिखर जाता है। तेज हवा चली तो पूरा शहर राखड़ से सरोबार नजर आने लगता है लेकिन संयंत्रों से निकलने वाली राख के निराकरण का कोई ठोस हल अब तक नहीं निकाला जा सका है। शहर के कुल 6 विद्युत संयंत्रों में रोजाना 5790 मेगवाट विद्युत उत्पादन होता है। इसके लिए करीब 90 हजार 800 मिट्रिक टन कोयला जलाया जाता है। कोयला खपत का 50 फीसदी हिस्सा राख में तब्दील हो जाता है यानि कि 45 हजार 420 मिट्रिक टन राख प्रतिदिन विद्युत संयंत्रों से उत्सर्जित होती है, जिसके लिए 11 अलग अलग राखड़ बांध बनाए गए हैं। जहां पाइप लाइन के माध्यम से राख पहुंचता है लेकिन हवा के हल्के झोंके में ही उड़ने वाले राख इस बात की कलई खोल रहे हैं कि राख से प्रदूषण न फैले इसके लिए उचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं। नियमित पानी छिड़काव व मिट्टी फिलिंग के अलावा बांध में प्लांटेशन कर प्रदूषण को रोका जा सकता है। इसके लिए बकायदा नियम भी बनाए गए हैं लेकिन यह नियम कायदे कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। सार्वधिक खामियाजा राखड़ बांध के इर्द गिर्द रहने वाले भुगत रहे हैं। रिस्दा राखड़ बांध हो या अन्य राखड़ बांध इस क्षेत्र में स्थित घरों तक राखड़ पहुंच रहा है। दिन में जैसे जैसे हवा तेज होती जाती है शहर में राखड़ वर्षा होने लगती है।

**खास बात**

- हवा पानी व जमीन तीनों स्तर पर आंकी गई प्रदूषण की स्कोरिंग



फाइल फोटो

**देश के टॉप टेन प्रदूषित शहर**

| | |
|---|---|
| 1 | अंकलेश्वर (गुजरात) |
| 2 | वापी (गुजरात) |
| 3 | गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) |
| 4 | चंद्रपुर (महाराष्ट्र) |
| 5 | कोरबा (छत्तीसगढ़) |
| 6 | मिवाड़ी (राजस्थान) |
| 7 | अंकुल (ओडिसा) |
| 8 | वैलुर (तमिलनाडु) |
| 9 | सिंगरौली (उत्तरप्रदेश) |
| 10 | लुधियाना (पंजाब) |

**संयंत्र और उसके राखड़ बांध**

| | |
|---|---|
| डीएसपीएम एचटीपीपी | गोढ़ी पंडरीपानी डगनियाखार, लोतलोता |
| बालको एनटीपीसी लैंको | परसाभाठा धनरास पताढ़ी |

# जिपं सीईओ ने पीव्हीटीजी सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पीव्हीटीजी बसाहटो में सर्वे किया जा रहा है साथ ही इन बसाहटों में शिविर का आयोजन कर वंचित लोगों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, स्वास्थ्य जांच जैसे योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप द्वारा जनपद पंचायत के वनांचल स्थित ग्राम पंचायत गेरांव के आश्रित ग्राम बासाखार पहुंचकर किए जा रहे पीव्हीटीजी सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वे कार्य में जुटी टीम को गंभीरता से कार्य करने एवं वंचित लोगों व उनकी आवश्यकताओं की पूरी जानकारी संधारित करने के निर्देश दिए। जिससे इन बसाहटो में आयोजित होने वाले शिविर में इनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। सीईओ ने पीव्हीटीजी वर्ग के लोगों से चर्चा कर पीएम जन मन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने जारी किया आदेश

# व्यवस्था: सर्वमंगला मार्ग में आज नहीं चलेंगे भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नव वर्ष पर प्रति वर्ष सर्वमंगला मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है, जिससे सर्वमंगला पुल से लेकर कुसमुंडा मार्ग तक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। भारी वाहनों के चलने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम रहगीर भी घंटो जाम में फंसे रहते हैं। सर्वमंगला मंदिर मार्ग में लगातार जाम रहने की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने साल के पहले दिन उक्त मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

मंदिर के प्रबंधक नमन कुमार पांडेय द्वारा नव वर्ष पर प्रति वर्ष श्रद्धालुओं की दिनों दिन संख्या बढ़ने के कारण कटघोरा एसडीएम को एक पत्र प्रेषित किया था। जिसमें 1 जनवरी को मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए आने का हवाला देते हुए साल के पहले दिन सर्वमंगला मंदिर मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की थी। मंदिर प्रबंधन द्वारा दिए गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए कटघोरा एसडीएम रिचा सिंह ने आदेश जारी कर सर्वमंगला मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश जिला परिवहन अधिकारी, दर्री तहसीलदार, एसईसीएल सीजीएम, थाना प्रभारी कुसमुंडा को दिए हैं। इसके साथ ही कटघोरा एसडीएम ने एक आदेश जारी कर सर्वमंगला मार्ग में भारी वाहनों का चालन प्रतिबंधित करने के लिए संबंधितों को निर्देश पत्र लिखा है।



फाइल फोटो

### श्रद्धालुओं को मिलेगी जाम से राहत

नव वर्ष के पहले दिन अधिकांश जनमानस मंदिर पहुंचकर ईश्वर के दर्शन के साथ ही नए वर्ष में कामकाज शुरू करने की इच्छा रखते हैं। यह परंपरा पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ते ही जा रही है। सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ ऐसे उमड़ती है जैसे 9 दिन चलने वाले देवी की आराधना वाले पर्व नवरात्र पर उमड़ती है। जिला प्रशासन द्वारा जिस तरह से 1 जनवरी को सर्वमंगला मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन को एक दिन के लिए रोक लगाई है। प्रशासन के इस कदम से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सर्वमंगला पुल पर लगने वाले जाम पर राहत मिलेगी और सुविधा पूर्वक माँ सर्वमंगला का दर्शन कर सकेंगे। यहां यह बताना होगा कि श्रद्धालुओं की भीड़ से ही जाम लग जाते हैं और उस पर भी अगर भारी वाहनों का आवागमन जारी रहा तो स्वभाविक है कि शहर से सर्वमंगला मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचा ही कठिन हो जाएगा।

### लाभान्वित हितग्राही ग्रामीणों से लाभ लेने हेतु कर रहे प्रेरित

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को विकासखंड कटघोरा के ग्राम बिरदा व गंगदेई में जनपद पंचायत करतला के जुनवानी, श्रीमार व बोड़ाछाप में, पोड़ी- उपरोड़ा जनपद के घुंचापुर व लाद में एवं पाली जनपद के ग्राम मादन व सैला में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से जानकारी दी जा रही है।

31 Dec-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 12/31/2023 7:53 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुनियाभर में बज रहा वोंका एक्वामैन 2 का डंका



**लॉस एंजेलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार (21 दिसंबर) को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की और वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी। जर्मनी में 589 स्क्रीनों पर फिल्म ने पांच लाख 20 हजार डॉलर की कमाई की और पहले स्थान पर रही। इस देश में यह आंकडा द फ्लैश के शुरुआती दिन के दोगुने से भी अधिक हैं। यह कमाई द मार्वल्स 81% और ब्लैक एडम 27% से ज्यादा और एंट-मैन एंड वास्प के बराबर है।

### टॉलीवुड

## ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार 'हाय पापा'

साउथ सुपरस्टार नानी और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म 'हाय पापा' हाल ही में रिलीज हुई थी, जिसमें दोनों ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। तेलुगु में यह फिल्म 'हाय नन्ना' के नाम से रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और यह हिट रही। सिनेमाघरों पर कब्जा करने के बाद यह फिल्म घर बैठे दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर भी धमाल मचाने आ रही है। आज शनिवार को नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर मृणाल ठाकुर और नानी की फिल्म 'हाय पापा' का पोस्टर साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'प्यार हवा में है और हमारा उत्साह भी है। नानी और मृणाल को खोजने के लिए उनकी प्यार की यात्रा 'हाय पापा' में शामिल हो जाइए। चार जनवरी से नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में 'हाय पापा' की स्ट्रीमिंग होगी।' इस घोषणा ने फैंस को उत्साहित कर दिया। 'हाय पापा' एक भावुक परिवारिक फिल्म है, जिसकी कहानी एक पिता और बेटी के प्यार भरे रिश्ते के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म में नानी ने पिता की भूमिका निभाई है। शौर्युव के निर्देशन में बनी 'हाय पापा' सात दिसंबर को सिनेमाघरों में तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज हुई थी।

### भोजपुरी

## अवॉर्ड्स के नाम पर मजाक बना दिया गया भोजपुरी सिनेमा



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा में पहली बार अवॉर्ड्स का आयोजन साल 2005 में हुआ। अगर कोरोना महामारी से साल को छोड़ दे तो इस अवॉर्ड्स का आयोजन हर साल होता है। इस बार 18वें भोजपुरी अवॉर्ड्स का आयोजन अथर्वा कॉलेज, मलाड में हुआ, जिसमें भोजपुरी सिनेमा का कोई बड़ा सितारा नजारा नहीं आया। समारोह की खासियत यह रही है कि इसके आयोजक विनोद गुप्ता ने अपनी ही फिल्म 'आन बान शान' को छह मुख्य अवॉर्ड देकर आयोजकों, जूरी और भोजपुरी अवॉर्ड्स का मजाक बना दिया। इन अवॉर्ड्स के आयोजक विनोद गुप्ता खुद भी भोजपुरी निर्माता के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी ही फिल्म 'आन बान शान' को मुख्य कैटेगरी के छह अवॉर्ड्स देकर न सिर्फ अपने आयोजन की, बल्कि भोजपुरी अवॉर्ड्स की भी विश्वसनीयता खो दी। वैसे भी भोजपुरी सिनेमा में अब तक जितने भी अवॉर्ड्स हुए हैं उनमें भी हिंदी सिनेमा के अवॉर्ड्स की तरह यही बात नजर आई कि जो सितारे अवॉर्ड कार्यक्रम में शिरकत करने आते हैं, उनको ही अवॉर्ड दे दिया जाता है। शनिवार को आयोजित भोजपुरी अवॉर्ड कार्यक्रम में अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू उपस्थित रहे, उन्होंने अभिनेत्री काजल यादव के साथ मंच पर परफॉर्मेंस दी। इस अवॉर्ड शो मेजबानी भी भोजपुरी सिनेमा का कोई स्टार नहीं, बल्कि हिंदी सिनेमा के अभिनेता राजा गुरु ने की। बताया जाता है कि अवॉर्ड शो की मेजबानी के लिए जब कोई स्टार राजी नहीं हुआ तो आनन फानन में आयोजक ने एक दिन पहले राजा गुरु को अवॉर्ड शो की मेजबानी करने की जिम्मेदारी दी। राजा गुरु ने विनोद गुप्ता की फिल्म 'आन बान शान' से भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया है। अवॉर्ड शो के दौरान कुणाल सिंह, रानी चटर्जी, संभावना सेठ, सुरेंद्र पाल, रंजन सिंह, अशोक पंडित और अली खान आदि मौजूद रहे।

## लाइफ स्टाइल

## मिलान काउंट डाउन शुरू

मिलान फैशन वीक इटली के मिलान में अर्धवार्षिक रूप से आयोजित होने वाला एक बहुचर्चित फैशन शो है। प्रत्येक वर्ष फरवरी/मार्च और सितंबर/अक्टूबर में होने वाले इस शो के लिए दुनिया भर की फैशन इंडस्ट्री को इंतजार रहता है। साल 2023 की विदाई के साथ अब साल 2024 में फरवरी में शुरू होने वाले मिलान फैशन शो के लिए डिजाइनर और मॉडल को बेसब्री से इंतजार है। आगामी फैशन शो में दुनिया भर से फैशन प्रेमी यहां जुटेंगे।



## पार्टी के लिए ग्लोइंग त्वचा तो इन फेस पैक का करें इस्तेमाल

ग्लोइंग त्वचा के लिए बहुत से लोग घरेलू फेस पैक पर ज्यादा भरोसा करते हैं। इसी वजह से आपके लिए कुछ ऐसे पैक्स की जानकारी, जिनका इस्तेमाल आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए कर सकते हैं। हल्दी और दूध में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को ग्लोइंग बनाने का काम करते हैं। अगर आप इस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इसके लिए एक कटोरी में दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें और फिर गुनगुने पानी से धो दें। सर्दी के मौसम में चेहरे की नमी बरकरार रखने के लिए शहद और दही



का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आप इस पैक का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो एक कटोरे में दही और शहद मिलाकर फेसपैक तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें और फिर ठंडे पानी से धो दें। चेहरे के दाग-धब्बे हटाने के लिए पपीते और शहद का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले पपीते को ब्लेंडर में पीसना है और उसमें थोड़ा सा शहद मिलाना है। अब इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक सूखने दें, फिर मलाई से मसाज करें। आखिर में चेहरा गुनगुने पानी से धो लें। चावल और बेसन का पैक आपके चेहरे के डार्क सर्कल को कम करने का काम करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले चावल का आटा लेकर उसमें थोड़ा सा बेसन मिलाना है।

## होंठों पर एलोवेरा जेल लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान



होंठों पर एलोवेरा जेल अप्लाई करते समय आपको बहुत सी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जब आप एलोवेरा जेल को होंठों पर लगा रही हैं तो आपको उसकी क्वालिटी पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। आजकल मार्केट में एलोवेरा जेल मिलते हैं, लेकिन आप कोशिश करें कि वह आर्गेनिक हो और उसमें किसी तरह के केमिकल का इस्तेमाल ना किया गया हो। सबसे अच्छा ऑप्शन तो यह रहता है कि आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर उसका फ्रेश जेल निकालें और उसे अपने होंठों पर लगाएं। होंठ स्किन के अन्य एरिया की अपेक्षा अधिक सेंसेटिव होते हैं, इसलिए अगर आप एलोवेरा जेलको अपने होंठों पर लगा रही हैं तो एक बार आपको पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए। इससे आपको यह समझ में आता है कि एलोवेरा जेल से आपके लिप्स पर किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं हो रहा है। अगर आपको एलर्जिक रिएक्शन होता है तो आपको इसे लिप्स पर अप्लाई करने से बचना चाहिए। एलोवेरा जेल को कभी भी सीधे ही होंठों पर ना लगाएं।

## साल की आखिरी पार्टी में ऐसी ड्रेस पहनकर मचाएं धमाल




यह साल खत्म हो रहा है और लोग नए साल के स्वागत में लगे हैं। नए साल के स्वागत से पहले कई जगह 31 दिसंबर को पार्टी का आयोजन किया जाता है। लोग अपने दोस्तों और घरवालों के साथ धूमधाम से नए साल का स्वागत करते हैं।

जिस तरह से नए साल के पहले दिन पार्टी के लिए लोग खूब सज-धज के तैयार होते हैं, ठीक उसी तरह से 31 दिसंबर की रात की पार्टी भी काफी अहम होती है। पार्टी का प्लान बनाना तो आसान होता है लेकिन जब बात आती है पार्टी के लिए कपड़ों का चयन करने की तो सबसे ज्यादा दुविधा इसी में होती है।

ऐसे में आज का लेख उन लड़कियों के लिए काफी अहम है, जो पार्टी के लिए उत्साहित तो काफी हैं, लेकिन पार्टी में क्या पहनना है, उन्होंने अभी तक ये चुनाव नहीं किया है। हम आपको आज कुछ ट्रेंडी ड्रेस दिखाएंगे, जिससे टिप्स लेकर आप भी शॉपिंग कर सकती हैं।



**रेड बॉडीकॉन :** इस तरह की ड्रेस काफी आरामदायक भी होती है। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी कर सकती हैं। पार्टी में अगर आप इस तरह की ड्रेस कैरी करके जाएंगी, तो आपका लुक ग्लैमरस के साथ काफी खूबसूरत भी लगेगा।

**ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन :** अगर आपको बॉडीकॉन ड्रेस बेहद पसंद है तो इस तरह की सफेद रंग की ड्रेस आप कैरी कर सकती हैं। अगर ये ऑफ शोल्डर होगी तो आपका लुक और भी ज्यादा ग्मैरमस दिखेगा।

**फ्लोरल ड्रेस :** अगर आप किसी बीच पार्टी में जा रही हैं, तो ये ड्रेस आपके लिए एक परफेक्ट विकल्प है। इसके साथ आप डार्क आई मेकअप करके अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं।

**सीक्विन वर्क वाली रेड ड्रेस :** इस तरह की शॉर्ट रेड ड्रेस आपके लुक को खूबसूरत बनाएगी। इसके साथ अगर आप लाल रंग का ही ब्लेजर पहनेंगी तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। इससे आप बॉस लेडी लुक में नजर आएंगी।

**व्हाइट गाउन :** पार्टी में खूबसूरत दिखने के लिए आप ऐसा सफेद रंग का गाउन खरीद सकती हैं। इसके साथ गले में एक पैंडेंट जरूर पहनें। ड्रेस का रंग काफी हल्का है, इस वजह से इसके साथ मेकअप थोड़ा डार्क ही रखें।

**रेड स्लिट ड्रेस :** अगर आप पार्टी में ग्लैमरस अंदाज दिखना चाहती हैं, तो इस तरह की लाल रंग की स्लिट वाली ड्रेस आपके लिए परफेक्ट विकल्प है। इस तरह की ड्रेस से साथ बालों को कर्ल करेंगी तो लुक काफी खूबसूरत लगेगा।

## फैशन की इन बातों को लेकर लड़के कभी भी न शर्माएं

वैसे तो कहा जाता है कि लड़कियां शर्माती हैं, मगर फैशन-स्टाइल के मामले में लड़के भी कम नहीं हैं। यह सच है कि लड़कों को कुछ बातों को लेकर झिझक और शर्म आती है। इस वजह से वह अपना आत्मविश्वास खोते हैं। जबकि हमें उन बातों को लेकर शर्म करने की आवश्यकता नहीं है।इस तरह की चीजों का सामना अधिकतर लड़के या पुरुष करते हैं। उनको फैशन-स्टाइल की कुछ बातों को लेकर शर्म महसूस होती है।वहीं जो लोग इससे आगे निकल जाते हैं उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। इसलिए हम चाहते हैं कि आप भी उन बातों को छोड़कर आगे निकलें। चलिए हम उन बातों को जान लेते हैं। आखिर हमें फैशन की किन बातों को लेकर शर्माना नहीं चाहिए-



**पुराने कपड़े पहनने में :** पुराने कपड़े पहनने को लेकर कई लड़के शर्म करते हैं। जबकि इसमें शर्माने वाली कोई बात नहीं है। अगर आप हर माह या हर सीजन के लिए नए ड्रेस खरीदने में सक्षम हैं तो कोई बात नहीं। मगर ये हर किसी के लिए संभव नहीं है।

इसलिए अगर आपके पास पुराने ड्रेस हैं तो पहनने में शर्माएं नहीं। कई बार जैसे कपड़े धुले न हो, आयरन किए न हों, सूख न पाए हों तो ऐसे में पुराने कपड़े को पहनकर हम बाहर निकलने से हिचकिचाते हैं। जबकि, उनको पहनने में शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं।

हम तो ये कहेंगे कि आप उन कपड़ों को भी अच्छी तरह कैरी कर के जाएं। आपके आत्मविश्वास के आगे लोगों की नजर कपड़े पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगी।

## पार्टनर के साथ डेट पर जाने के लिए बेस्ट रहेंगी ये साड़ियां

साड़ी को पहनने के लिए आपको इसकी स्टाइलिंग को अपनी बॉडी शेप के अनुसार ही करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करें। साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन में रहता है। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में देखने को नजर आ जाएंगे। वहीं बदलते दौर में साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके होते हैं। लगभग हर मौके पर साड़ी को पहना जाता है और इसके डिजाइन को भी हम ओकेजन के हिसाब से चुना जाता है। पार्टनर के साथ डेट नाइट पर जाने के लिए वैसे तो कई आउटफिट्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टाइलिश के साथ-साथ ट्रेडिशनल लुक को कैरी करना चाहती हैं तो आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ खास टिप्स।



**ब्लैक एंड व्हाइट साड़ी :** आजकल ब्लॉक डिजाइन और ब्लैक एंड व्हाइट पैटर्न काफी पसंद किया जाता है। **Abraham & Thakore** द्वारा इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइन किया गया है। इस तरीके की सीक्वेन साड़ी आपको मार्केट में लगभग 1200 से लेकर 1500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

**रेडीमेड साड़ी डिजाइन :** रेड कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इस खूबसूरत रेडीमेड साड़ी को डिजाइनर अमित अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

**स्ट्रिप्स डिजाइन साड़ी :** देखने में काफी मॉडर्न लुक देने में सहायता करता है यह डिजाइन। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

### कार्नर न्यूज

### दुल्हन के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद खास होता है

## दुल्हन के हाथों की शोभा बढ़ाएंगे कंगन के ये खास डिजाइंस

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप इन्हें चूड़ियों के साथ पहन सकती हैं। इसे दुल्हन चूड़े के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। शादी का दिन हर लड़की के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए दुल्हन अपने लुक से जुड़ी हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखती हैं। वहीं लुक की बात करें तो दुल्हन के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद खास होता है और इसके लिए सबसे पहले आउटफिट के डिजाइन को समझना जरूरी होता है।

वैसे तो हम कंगन को हाथों पर बिना चूड़ी के भी पहन लेते हैं, लेकीन दुल्हन को इसे चूड़ा या चूड़ियों के साथ पहनना पसंद करती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कंगन के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### कुंदन डिजाइन कंगन

परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरीके के चौड़े डिजाइन के कंगन खरीद सकती हैं। वहीं इस तरीके के डिजाइन वाले ब्राइडल कंगन आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। मॉडर्न और फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो अनकट डायमंड के कंगन खरीदकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन देखने में काफी एक्सपेंसिव लुक देने में मदद करते हैं। इस तरह के कंगन आपको आर्टिफिशियल डिजाइन में लगभग 700 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।



### मीनाकारी डिजाइन कंगन

बारीकी से बने डिजाइन के कंगन को पहनना चाहती हैं तो इस तरह के मीनाकारी डिजाइन के कंगन आपके लिए बेस्ट रहेंगे। वहीं इस तरीके के हैवी लुक वाले कंगन आपको काफी रॉयल लुक देने में सहायता करेंगे। इस तरीके के कंगन आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।



### पर्ल डिजाइन कंगन

एवरग्रीन फैशन में चलने वाली चीजों को स्टाइल करना पसंद करती हैं तो इस तरीके का पर्ल डिजाइन आपके लिय बेस्ट रहेगा। इस तरह के कंगन आप दिन के वेडिंग लुक यानी सटल ब्राइडल वियर में कैरी कर सकती हैं।



## खबर संक्षेप

### किकबॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने जीते एक स्वर्ण व एक रजत

**कोरबा।** ड्रेगन मार्शल आर्ट्स एंड किकबॉक्सिंग क्लब के नेशनल किकबॉक्सर हार्दिक दुरेजा का चयन साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक काठमांडू नेपाल में आयोजित थी। जिसमें 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें राजेश कुमार, संदीप शाह, हार्दिक दुरेजा, साहिल रात्रे, आयुष सिंह, आनंद ठाकुर, भावना निषाद, निरंजली सोनी, पुष्पा नायक थे। टीम का प्रतिनिधित्व छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव एवं एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक प्रसाद ने किया।

## निधन

### श्रीमती रंजीता कौर



**कोरबा।** सरदार चिकन सेंटर मुड़ापार के संचालक सरदार गुरदयाल सिंह की धर्मपत्नी एवं सरदार हरदीप सिंह विकी की मां श्रीमती रंजीता कौर (65 वर्ष) का निधन 25 दिसंबर को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहीं थीं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिवार परिजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।


### डिगेश्वर गोपन्ति



**कटघोरा।** मोहलाइनभाटा कटघोरा निवासी शिक्षक डिगेश्वर गोपन्ति का रविवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र, दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 1 जनवरी को अटल आवास स्थित मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं को किया गया प्रसाद का वितरण, कॉलोनीवासी रहे उपस्थित

# महामृत्युंजय मंदिर में कैबिनेट मंत्री देवांगन ने किया जलाभिषेक



कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते कॉलोनीवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का शहर में जगह-जगह स्वागत का दौर लगातार जारी है। समर्थकों के द्वारा उनके स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के कॉलोनी शिवाजी नगर, निहारिका के महामृत्युंजय मंदिर में कॉलोनीवासियों द्वारा जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां श्री देवांगन ने महामृत्युंजय मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम अरुण शर्मा डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा, डेलिराम साहू, अभिषेक शर्मा, विश्वेश्वर सिंह ठाकुर, अमृत लाल गुप्ता, राम कार्तिक साहू, शिव कुमार साहू, अश्वनी बुनकर, विकास शुक्ला, राजकमल सोनी, चंद्रकांत देशमुख, दीपक कश्यप, अभिषेक, अप्पू ठाकुर, विलास बुटोलिया, अनिल राठौर, रूद्र, हर्षित, रुखमणि देवी राठौर, त्रिवेडी पाटले, विनीता पाटले, उर्मिला यादव, प्रीतम, विभा ध्रुव, सरला सिंह, सुशीला सिंह, सीमा साहू, रजनी सिंह ठाकुर इंदिरा शिला तिवारी मधु सिंह, राजेश्वरी राठौर, सावित्री यादव, गुलाब बरेठ, द्रोपदी चंद्रा, गायत्री यादव, बूथ अध्यक्ष योग प्रशिक्षक दुर्गेश राठौर, बूथ कार्यकर्ता प्रफुल्ल साहू, राज साहू, योगेश राठौर, गजेंद्र साहू, अप्पू ठाकुर, विलास बुटोलिया सहित अन्य कॉलोनी वासी उपस्थित रहे। रुखमणि देवी राठौर देवांगन के जीत के लिए कामना का संकल्प लिया था, उनकी कामना पूर्ण होने पर उनको आमंत्रित कर विशेष पूजा अर्चना किया गया। उसके पश्चात महामृत्युंजय मंदिर के पुरोहित आशुतोषपूरी गोस्वामी एवं नागेश्वरपूरी गोस्वामी द्वारा महादेव का पूजन आरती कराई गई। मंचीय कार्यक्रम में डॉ. नागेंद्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष योग प्रशिक्षक दुर्गेश राठौर, एवं बूथ कार्यकर्त्ता प्रफुल्ल साहू द्वारा साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

## मड़वारानी में किया गया लखन का स्वागत




देवी स्थल मां मड़वारानी में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण कंवर एवं सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हेमसिंह कंवर ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए पुष्प माला भेंट कर स्वागत किया। वहीं भाजपा युवामोर्चा से सक्रिय कार्यकर्ता नरेन्द्र बिंझवार, जयंत्री कुम्भकर, सुरेश कुमार साहू उपसरपंच पुरैना, राकेश श्रीवास, संतोष राठौर, लखन लाल साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मंत्री के रुप में क्षेत्र के विकास में पूर्ण सहयोग करने की बात कहीं।

## केवट समाज ने की केबिनेट मंत्री का स्वागत



केवट निषाद समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने कोरबा के केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन से उनके निवास कोहडिया चारपार बस्ती जाकर भेंट मुलाकात कर विधायक बनने एवं केबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। केवट समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार कैवर्त, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार कैवर्त, महिला अध्यक्ष पूनम कैवर्त, पूर्व अध्यक्ष अजीत कुमार कैवर्त, कार्तिक राम कैवर्त, कमल कुमार कैवर्त, सुखदेव कैवर्त, तिलक राम कैवर्त, डोरेलाल कैवर्त, प्रहलाद कुमार कैवर्त, रजनीश निषाद, सेवक राम कैवर्त, लता कैवर्त, दिनेश कैवर्त, तुलसी कैवर्त ने कैबिनेट मंत्री को बधाई दी।

# महापौर ने बीटी सड़क का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 46 अयोध्यापुरी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के अंतर्गत दर्री मुख्य मार्ग से सतनाम चौक अयोध्यापुरी में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहां के निवासियों की सड़क व नाली की मांग को पूरा कराने के लिए महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड वासियों से उनकी मांगों के अनुरूप कार्य कराने का आश्वासन दिया था। उसी के तहत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसके निरीक्षण पश्चात नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तथा समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कराये जिसका लाभ वहां के लोगों को जल्द से जल्द प्राप्त हो सके। महापौर श्री प्रसाद ने वार्डवासियों से चर्चा कर अन्य समस्या को जाना, तब वार्डवासियों ने नाली की साफ-सफाई तथा कुछ स्थानों पर नाली के स्लैब टूट होने की जानकारी दी। जिस पर निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर उसे सड़क के साथ पहले नालियों की साफ-सफाई कर उसे ठीक कराने के निर्देश महापौर ने दिये।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भागीरथी प्रयास ...

पंचायत की ओर से पाइप दिए गए और इन्हीं पाईप के द्वारा उन्होंने झरने के जलस्रोत के पास नाली बनाया और नाली में प्लास्टिक के पाइप को जोड़ा और वहां से जंगल के रास्ते पाइप को गांव तक लाए। **मिलती है जल संकट से निपटने की सीख :** पहाड़ी वनवासी परिवारों के द्वारा जिस तरह से पहाड़ के ऊपर स्थित झरने के पानी को एकत्र कर पाइप के द्वारा अपने गांव तक लाया गया है, उन पहाड़ी गांव के लोगों को भी यह सीख मिलती है कि जल संकट से निपटने के लिए पहाड़ी नालों और झरने के पानी का उपयोग किस तरह किया जाए। अगर बड़ी प्रशासनिक पहल इन्हें मिले तो स्थाई रूप से इनकी समस्या का निदान हो सकता है। वर्तमान में पाइप लाईन कई स्थानों में क्षतिग्रस्त हुई है जिससे वे स्वयं मिट्टी डालकर मरम्मत करते हैं।

आदेश 5 नियम 20 (1 क) व्यवहार प्रकिया संहिता

**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

सावित्री बाई वगैं. आवेदिकागण

**विरूद्ध**

उपेन्द्र गोड़ वगै. अनावेदकगण

दावा प्रकरण क्र.-709/22
पेशी दिनांक - 15/01/2024
प्रो. न.301

**बनाम**

उपेन्द्र गोड़ पिता-झून्नर गोड़
हालमुकाम-ज्योतिनगर दीपका थाना दीपका जिला कोरबा छ.ग.
(वाहन चालक ट्रेलर क्र.सी.जी.13 एल.ए.4896)

आवेदिकागण :- 1) सावित्री बाई पति-स्व. लतेल राम सिदार उम्र 45 वर्ष, 2) पवन पिता-स्व. लतेल राम सिदार उम्र 15 वर्ष, 3) शिवा सिदार पिता-स्व. लतेल राम सिदार उम्र 11 वर्ष, 4) शिवम सिदार पिता-स्व. लतेल राम सिदार उम्र 09 वर्ष, 5) सत्यम सिदार पिता-स्व. लतेल राम सिदार उम्र 07 वर्ष 6) देव सिंह सिदार पिता-स्व. लतेल राम सिदार उम्र 07 वर्ष, सभी निवासी-ग्राम हरदाडीह पो. एरमसाही, तह. मस्तुरी जिला बिलासपुर छ.ग. का है ने आपके द्वारा चालित वाहन ट्रेलर क्र.सी.जी. 13 एल.ए.4896 से दिनांक 07.04.2022 को लतेल राम सिदार को दुर्घटना कारित करने से उसकी मृत्यु होने के संबंध में आपके और अन्य अनावेदकगण के विरूद्ध क्षतिपूर्ति राशि 44,30,002 /- रूपये (चवालीस लाख तीस हजार दो रूपये ) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो. यान दुर्घटना दावा का प्रकरण संस्थित किया है।

आपको इस न्यायालय में तारिख 15/01/2024 को दिन में 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजे जो आपके कब्जे या शक्ति में पेश करे जिन पर आप की प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा कर प्रतिदावा अधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या ना हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो की लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद कि सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारिख 20/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**कु. पुष्पलता मारकन्डे**
**चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकारण बिलासपुर (छ.ग.)**

# दीगर इकाइयों में स्थानांतरण का एटक ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल सुराकछार उपक्षेत्र के मेन माइन एवं 3-4 खदान से कर्मचारियों को दीगर इकाइयों में स्थानांतरण की योजना बनाई जा रही है जिसका एटक श्रम संगठन विरोध कर रही है। इस संबंध में एटक के दीपेश मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण मंजूरी न मिलने के कारणों के चलते दोनों खदान में खनन गतिविधियों को रोक दिया गया है इसमें सबसे मजेदार बात यह है कि केंद्रीय पर्यावरण विभाग ने 2015 में ही सुराकछार प्रबंधन को खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी लेने को कहा था परन्तु नोटिस को नजरअंदाज करते हुए खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए राज्य पर्यावरण विभाग से संचालित सहमति ले लिया और कोयला उत्पादन जारी रखा जबकि केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। इस मसले पर श्रमिक नेता दीपेश मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण मंजूरी एक लंबी प्रक्रिया है जो निश्चित आकार से बड़ी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य है।






## खबर संक्षेप

### स्वामी सुरेन्द्रनाथ पंच दशनाम गुरुदत्त अखाड़ा बने छत्तीसगढ़ प्रमुख

**कोरबा।** श्री पंच दशनाम गुरुदत्त अखाड़ा वृंदावन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत अनिरूद्ध गिरी महाराज ने स्वामी सुरेन्द्र नाथ को छत्तीसगढ़ प्रदेश का अध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति से साधु समाज ने प्रसन्नता जाहिर की गई। स्वामी सुरेन्द्रनाथ नवयुगीन संत के नाम से जाने जाते हैं। किसी पद की अभिलाषा से विमुक्त आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यों के माध्यम से लोक कल्याण के कार्यों में संलग्न रहते हैं। वे लंबे समय से लोगों में अध्यात्मिक चेतना जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। स्वामी सुरेन्द्रनाथ ने कहा कि समाज को साधुओं की आवश्यकता है। साधु ही समाज में नए विचार, नई ऊर्जा के साथ क्रांति ला सकते हैं।



### दमखांचा में गौरी गौरा कार्यक्रम संपन्न



**मंडवारानी।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दमखांचा में गौरा गौरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि लक्ष्मीन बाई कंवर जनपद सदस्य,श्रीमती सरिता कंवर सरपंच ग्राम पंचायत दमखांचा,रामेश्वरी कंवर पूर्व सरपंच उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का फूल वाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात ग्रामवासियों के साथ शंकर भगवान के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। यह गौरा गौरी कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में आस पास के गावों के श्रद्धालु जन पहुंचे थे। मादर झान के धुन से गौरी गौरा का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में गांव के गढ़मान्य नागरिक रथ सिंह कंवर,देवानंद कंवर, धरम सिंह सिदार, मोहन सिंह कंवर, कन्हैया कंवर,अमर सिंह,रामचरण ,अमृत लाल यादव,धरम कंवर ,दीनदयाल कंवर, कृपा सिंह कंवर,नारायण कंवर, सम्मे दास,करम सिंह यादव बैगा, एवं समस्त ग्रामवासी दमखांचा के विशेष सहयोग से गौरा गौरी का कार्यक्रम कराया गया।।तथा गांव के सभी ग्रामीण की उपस्थित में धूमधाम से मनाया गया।

### अक्षत कलश यात्रा को गांव में कराया गया भ्रमण



**बरपाली।** अयोध्या मे बन रहे श्री राम मन्दिर के लिए अयोध्या से आई अक्षत कलश को गांव में भ्रमण कराकर बरपाली में पूजा अर्चना किया गया कलश को शिव मंदिर से निकाल कर बीच बस्ती माँ मड़वारानी मंदिर तक शोभायात्रा के साथ किशन अग्रवाल के नेतृत्व मे निकाली गई अक्षत कलश की जगह जगह पूजा अर्चना किया गया इस यात्रा में प्रमोद गुरुद्वान संदीप अग्रवाल प्रवीण उपाध्याय देवराज अग्रवाल सुरेश अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## जिले की सीमा में बीते वर्ष लगाए गए थे बैरियर

# जिले की सीमा में नहीं लगे बैरियर खप सकता है पड़ोसी जिले का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष राज्य सरकार के द्वारा बाहरी जिले के धान को रोकने के लिए सभी जिले की सीमा में बैरियर लगाए गए थे, किंतु इस वर्ष यह व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा नहीं की गई। परिणाम स्वरूप पड़ोजी जिले के धान कोरबा जिले के धान खरीदी केन्द्रों में बेधड़क खप रहे हैं। कोरबी चौकी अंतर्गत रविवार को पुलिस ने धान के अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर को जब्त किया है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि पड़ोजी जिले के धान जिले में खप रहे हैं।

**खास बात**

- कोरबी चौकी में पकड़ा गया धान का अवैध परिवहन

पड़ोजी जिले से कोरबा जिले में धान की आवक न हो सके इसके लिए बैरियर लगाए जाने का प्रावधान है। कोरबा जिले का सीमा जांजगीर-चांपा, रायगढ़, पेंड्रा मरवाही, धरमजयगढ़, सक्ती, उदयपुर से लगी हुई है। लेकिन यहां आने वाले मुख्य मार्गों में कहीं भी बैरियर नजर नहीं आ रहे हैं और न ही नोडल अधिकारियों के द्वारा खरीदी केन्द्रों का सतत निगरारी नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि धान की आवक एकाएक बड़ी है और मामले भी पकड़ में आने लगे हैं, किंतु इसके बावजूद भी जिला प्रशासन की नींद नहीं टूटी। पुलिस ने कोरबा चौकी अंतर्गत एक क्षेत्र में धान का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर को पकड़ा। चालक के द्वारा धान से संबंधित जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे यह आशंका बलवती हो रही है कि कोरबी चौकी की सीमा चिरमिरी से लगी है। लिहाजा उक्त जिले से भी धान लाया जा सकता है। दूसरी तरफ पसान धान खरीदी केन्द्र जिले का सबसे संवेदनशील धान खरीदी केन्द्र है। यहां बीते वर्ष अनूपपुर, शहडोज जिले के धान पेंड्रा के रास्ते खपाए गए थे, यह मामला भी पकड़ा गया था। बीते वर्ष ग्राम टेलिया मार्ग के पास बैरियर लगा था जहां मामला पकड़ा गया था। इस वर्ष पसान व पेंड्रा के बीच कहीं भी बेरियर नहीं लगे हैं। इसी तरह कुदमुरा-हाटी मार्ग में भी बेरियर नहीं लगे हैं जो रायगढ़ सीमा को जोड़ता है। इसके अलावा करतला ब्लॉक का ग्राम बेहरचुंआ सक्ती जिले की सीमा से लगा हुआ है। यहां से भी धान की आवक होती है। बैरियर नहीं होने की वजह से ट्रेक्टर के माध्यम से धान आने की जानारी ग्रामीणों ने भी बताई है।



पुलिस गिरफ्तर में धान का अवैध परिवहन का आरोपी व जप्त वाहन।

### पुलिस द्वारा की गई धान जप्ती की कार्रवाई

चौकी प्रभारी कोरबी अफसर खान के नेतृत्व में कोरबी पुलिस को बज्रपुरी से कोरबी लाकर खपाने का प्रयास कर रहा है कि मुखबिर की सूचना प्राप्त होने पर कोरबी चौकी के द्वारा घेराबंदी कर पिकअप वाहन कमांक सीजी 16 ए 1788 में लोड धान 51 बोरी वजनी 20 क्विंटल वाहन स्वामी चालक राकेश कुमार चकधारी निवासी ग्राम बचरा चौकी बचरा पोडी थाना खण्डगवां जिला एमसीबी से जप्त किया गया है। वाहन स्वामी चालक द्वारा उक्त धान के परिवहन संबंधी कोई कागजात नहीं होना बताया गया। वर्तमान में शासन द्वारा किसानों से कय किया जा रहा है। उक्त धान को अनावेदक द्वारा अफरा-तफरी करने के उद्देश्य से ग्राम बचरा से कोरबी लाकर खपाया जाना प्रतीत होता है। जिस पर धारा 102 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत जप्त किया गया।

### बढ़ी आवक, होने लगा धान जाम

दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में धान की आवक एकाएक जिस तेजी से बढ़ी है उससे सोसायटियों में धान जाम होने लगे हैं। कोरबा और करतला विकासखँड की समितियों में यही स्थिति नजर आ रही है। डीओ कटने के बाद ही धान का उठाव सप्ताह-सप्ताह भर नहीं हो रह है, जबकि शासन का यह निर्देश है कि खरीदी के 72 घंटे के अंतर धान का उठाव किया जाना है। समितियों में धान की आवक बढ़ने और दूसरी ओर किसानों का यह कहना कि उनका रकबा कम कर दिया गया है। तो सवाल यह खड़ा होता है कि एकाएक धान की आवक इतनी ज्यादा कैसे बढ़ गई, जाहिर है कि कहीं और के धान खपने लगे हैं।

## दैहिक शोषण के अलग अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने दो युवतियों को शादी का झांसा देकर उनके साथ दैहिक शोषण का अंजाम दिया था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- पसान थाना व सीएसईबी चौकी क्षेत्र का मामला
- दोनों आरोपियों ने शादी का झासा देक किया था दैहिक शोषण

पसान थाना अंतर्गत निवासरत एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम अडसरा पसान निवासी रतन नेताम उम्र 27 साल पिता स्व सुमेर सिंह नेताम ने युवती को डेढ़ वर्ष पूर्व युवती को बम्हनी नदी किनारे ले जाकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था और बाद में युवक शादी से मुकर गया था था। युवती की रिपोर्ट पर पसान पुलिस ने आरोपी रतन नेताम के खिलाफ धारा 376 (2) (एन) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था। जिसे 30 दिसंबर को आरोपी के ग्राम अडसारा में दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसी तरह सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुनील कुमार साहू उम्र 27 वर्ष पिता रामकृपाल साहू के द्वारा वर्ष 2021 में पीड़िता के घर में शादी कार्यक्रम के दौरान युवती से जान पहचान हुआ था तब से आरोपी युवक ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा कर शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करते आ रहा था। जब पीड़िता ने सुनील को शादी करने हेतु बोला तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी सुनील कुमार साहू के खिलाफ धारा 376 (2), (एन), 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## एसपी के समझाइश के बाद काम पर लौटे आईओसीएल के चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिट एंड रन के नए कानून बनने के बाद टैंकर व ट्रक चालकों ने कानून की भ्रामक जानकारी होने पर इंडियन आयल कॉरपोरेशन के ट्रक चालकों ने नियम का विरोध जताते हुए हड़ताल पर चले गए थे और टैंकरों के पहिए थम गए थे। जैसी ही प्रशासन के अफसरों को इसकी जानकारी मिली तो पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और हड़ताल कर रहे टैंकर चालकों को नियम की पूरी जानकारी बताई और उन्हें आश्वस्त किया कि नियम के तहत ही कार्यवाही होगी। गलत कार्यवाही किसी पर नहीं होगी। जिसके बाद टैंकर चालक अपने काम पर लौटे।

हिट एंड रन के नए कानून बनने पर टैंकर चालकों को संदेह था कि उनके ही खिलाफ नए कानून बनाया गया है और इससे उनको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। गोपालपुर स्थित इंडियन आयल कॉरपोरेशन के टर्मिनल से विभिन्न जिलों के डीलर्स को डीजल पेट्रोल की आपूर्ति की जाती है। नए कानून के विरोध में चालकों का कहना था कि उन्हें अब कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसे लेकर टैंकर चालकों ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन गोपालपुर के पास टैंकर के पहिए रोककर हड़ताल पर चले गए थे। मामले की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, एसडीएम कटघोरा और दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा गोपालपुर पहुंचे और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अधिकारी और वाहन चालकों से बातचीत की गई। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित होने पर इन लोगों ने भरोसा कर लिया और जिसके कारण इस प्रकार की स्थिति निर्मित हुई। कानून में जो बदलाव किया गया है वह सभी तरह के चालकों के लिए है ना कि केवल टैंकर चालकों के लिए। पुलिस अधीक्षक की समझाइश पर इंडियन आयल कॉरपोरेशन से अनुबंध टैंकर चालक हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट गये।



टैंकर चालक व अन्य लोगों से चर्चा करते एसपी श्री शुक्ला।

## पीएम आवास के लिए तीन मिले पात्र, तीन साल बीत गए अब तक नहीं मिला आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिस मुद्दो को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई और संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा जमकर छाया रहा। उसकी हकीकत ग्रामीण अंचलों में देखने को मिलती है। ग्राम दूधीटांगर में केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को पीएम आवास के लिए पंचायत ने पात्र माना था, लेकिन तीन वर्ष बीत गए तीनों हितग्राहियों को अब तक आवास नहीं मिले।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत दूधीटांगर का मामला

मामला ग्राम पंचायत बेला के अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम दूधीटांगर बस्ती का है, जहां 8 घर पहाड़ी कोरवाओं के हैं। इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पंचायत की ओर से हितग्राहियों के नाम चयनित किए गए थे। इनमें बोधराम, राम साय और चरण कोरवा शामिल हैं। तीनों के नाम ग्राम पंचायत के द्वारा जिला पंचायत के प्रधानमंत्री आवास प्रकोष्ठ में भेजे गए थे। जहां से उन तीनों हितग्राहियों के लिए 1 लाख 25 हजार रूपये की पहली किस्त जारी हुई। उक्त राशि से ठेकेदार के द्वारा दो हितग्राही बोधराम कोरवा व चरण साय कोरवा के आवास का निर्माण तो शुरू किया गया, किंतु केवल प्लिंथ लेबल तक कार्य करने के बाद उसे अधूरा छोड़ दिया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों को 24 हजार रूपये की राशि दी गई। शेष राशि से काम होना बताकर ठेकेदार ने आगे की राशि नहीं मिलने का हवाला देकर काम ही बंद कर दिया। आज तीन साल पूरे हो गए पहाड़ी कोरवा परिवारों को उनके आवास की दीवार तक खड़ी नहीं की गई और अधिकारी इसी रास्ते से लगातार गुजरते रहे। यहां तक की उनसे मिलकर उनकी समस्या भी जानते रहे, लेकिन उन्हें पक्का आवास दिलाने के लिए कोई पहल नहीं की। यही कारण है कि आज भी पहाड़ी कोरवा अपने पुराने खपरैल के आवास में रहने को मजबूर हैं।



अपने अधूरे आवास के सामने खड़ा हितग्राही।

### अब आ गई पीएम जनमन योजना

पीएम आवास तो इन पहाड़ी जनजाति परिवारों को तो नहीं मिला, लेकिन इनकी समस्याओं को और शासन की सुविधाएं वाली केन्द्र सरकार की पीएम जनमन योजना उनके दरवाजे जरूर पहुंच रही है। बोधराम कोरवा ने बताया कि ग्राम पंचायत बेला में कुछ दिन पूर्व अधिकारियों ने शिविर लगाया था, जहां उनकी बसाहट और आवास के विषय पर जानकारी ली थी। जिस पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास नहीं बने होने के मामले से अवगत कराया गया, किंतु आश्वासन ही मिला है की आवास बनेंगे।

## राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन नगर में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत देश में 22 जनवरी को दीपावली मनेगी। वहीं इस अवसर पर कटघोरा नगर में राम भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर सर्वसमाज की बैठक गायत्री धर्मशाला में आहूत की गई। जहां कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा बनाई गई।

**खास बात**

- सर्वसमाज की बैठक में तय हुई रूपरेखा

बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने पर नगर में भव्य आयोजन को लेकर अपनी अपनी राय दी। बैठक में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित सर्व समाज के लोगों से अपील की है कि सभी सनातनी प्रभु श्रीजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन को प्रभु श्री राम की भक्ति समर्पित कर इस आयोजन को धूमधाम से मना है। बैठक में गायत्री परिवार की ओर से सर्वप्रथम सुंदर कांड पाठ किया जाएगा तथा समस्त पूजन की जवाबदारी गायत्री परिवार को दी गई। प्रसाद व्यवस्था सामूहिक रूप से की जाएगी जिसपर 3 क्विंटल बूंदी की व्यवस्था कटघोरा के विभिन्न व्यापारी वर्ग के द्वारा की जाएगी तथा अन्य प्रसाद का सहयोग भी सामूहिक रूप से सभी सनातनी कर सकते हैं। संस्कार भारती को प्रसाद वितरण का कार्य करने की जवाबदारी दी गई। दिनेश गर्ग को अनुष्ठान में बैठने के लिए सपत्नीक जोड़े जिसने एक अधिक जोड़े शामिल हो सकते है इसकी सम्पूर्ण जवाब दारी दी गई। दोपहर कोरबा से आये कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। वही शाम को 7 बजे से दुर्ग के आर्केस्ट्रा टीम द्वारा श्रीराम की भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चौराहे व नगर के मुख्य मार्ग पर भगवा तोरण, ध्वज, प्रभु श्रीराम के फ्लेक्स लगाने व सजावट की जिम्मेदारी ली है। लायन्स क्लब के छुरी कटघोरा के अध्यक्ष अजय धनोदिया ने कहा कि सुबह से शाम तक पानी की व्यवस्था लायन्स क्लब के द्वारा की जाएगी। बैठक में गायत्री परिवार से लेकर सर्वसमाज के प्रबुद्धजन, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, भाजपा कटघोरा मण्डल अध्यक्ष धन्नू दुबे, अजय दुबे, मुरली साहू, पवन ज्योति, अजय धनोदिया, नवीन गोयल, अजय दुबे, मनोज दुबे, शरद गोयल, संतोष साहू, शारदा पाल, किशन केशरवानी, राजेन्द्र टण्डन, मृत्युंजय जायसवाल, दिनेश गर्ग ,देव दुबे,राकेश पांडेय,सुरेंद्र अग्रवाल, शिवशंकर जायसवाल,राकेश अग्रवाल,के साथ बड़ी संख्या में महिला व नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित सर्वसमाज के पदाधिकारी।

## शिविर में आमजनों को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल व जपेली, जनपद पंचायत करतला के फत्तेगंज, औराई व ननियारी, विकासखंड कोरबा के ग्राम अमलडीहा व बलसेंधा तथा सिमकेंदा व ढेंगुरडीह में, पोडी उपरोडा ब्लॉक के गिद्धमुड़ी, बनिया में, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी, अलगीडांड व बगधरीडांड में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई।




**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2023 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2023 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

